दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 15 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जमशेदपुर से छह वंदे भारत रेलगाडियों को हरी झंडी दिखायेंगे। टाटा नगर–पटना सहित बिहार के लिए तीन नई वंदे भारत रेलगाड़ियों की सौगात।
02. श्री मोदी पीएम आवास योजना के तहत बिहार के एक लाख से अधिक लाभार्थियों को आज पहली किस्त की राशि जारी करेंगे।
03. मौसम विभाग ने अरवल, गया, नवादा, औरंगाबाद, जमुई और बांका में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।
04. और, महान इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती आज राष्ट्रीय अभियंता दिवस के रूप में मनाई जा रही है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम आवास योजना, ग्रामीण के तहत राज्य के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। श्री मोदी जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के लाभुकों को पहली किस्त के रूप में चालीस–चालीस हजार रूपये की राशि हस्तांतरित करेंगे। योजना के अन्तर्गत निर्मित आवासों के मालिकों को सांकेतिक रूप से आवास की चाभी भी सौंपी जायेगी। वहीं, एक अन्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री पटना–टाटानगर, भागलपुर–हावड़ा और गया–हावड़ा के बीच चलने वाली तीन वंदे भारत ट्रेन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री मोदी कुल छह वंदे भारत रेलगाड़ियों की शुरूआत करेंगे। भागलपुर–हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का परिचालन सत्रह सितंबर से नियमित रूप से किया जाएगा। वहीं, गया–हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन अठारह सितंबर से और पटना– टाटानगर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन बाईस सितंबर से होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि वंदे भारत रेलगाड़ियों से पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा।

–––बाईट–––

---

राज्य सरकार ने सत्रह आईपीएस अधिकारियों और बिहार पुलिस सेवा के दो अधिकारियों का तबादला कर दिया है। जारी अधिसूचना के अनुसार पटना में पांच नये एसपी तैनात किये गये हैं। शुभांक मिश्रा को पटना पूर्वी और स्वीटी सहरावत को पटना मध्य का सिटी एसपी बनाया गया हैं। वहीं, विश्वजीत दयाल को पटना ग्रामीण का एसपी बनाया गया है। अपराजित को पटना के यातायात एसपी की जिम्मेदारी दी गयी

है। भागलपुर में के. रामदास, मुजफ्फरपुर में विक्रम सिहाग और दरभंगा में अशोक चौधरी नये एसपी तैनात किये गये हैं। सुशील कुमार को पटना जिले के फुलवारीशरीफ का एसडीपीओ बनाया गया है।

---

केन्द्र सरकार ने प्याज पर निर्यात शुल्क चालीस प्रतिशत से घटाकर बीस प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि यह निर्णय किसानों और प्याज से संबंधित अन्य क्षेत्रों के लिए भी लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से प्याज उत्पादक किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। श्री चौहान ने कहा कि इससे प्याज का निर्यात भी बढ़ेगा। वहीं, केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि निर्यात शुल्क में कटौती का उद्देश्य किसानों को उनकी फसलों के लिए उचित मूल्य प्रदान करना है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय उपभोक्ता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा है कि इस बार भाजपा के सदस्य बनने का पिछला रिकॉर्ड टूट जायेगा। प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राज्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सदस्यता अभियान काफी तेजी से चल रहा है और हम लक्ष्य से आगे जायेंगे। उन्होंने कहा कि देशभर में इस बार दस करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

---

राज्य सरकार ने मधेपुरा कॉलेज के हिन्दी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर अमरदीप को बाल अधिकार संरक्षण आयोग का अध्यक्ष बनाया है। इसके साथ ही आयोग ने सदस्य के रूप में पटना के हुलेश मांझी, मधुबनी की संगीता ठाकुर, समस्तीपुर की ज्योति कुमारी, पटना की शीला पंडित प्रजापति, बांका के सुग्रीव दास और वैशाली के राकेश सिंह का चयन किया है।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय आज पटना जिले के फुलवारीशरीफ अंचल अन्तर्गत कुरकुरी में हेल्थ एण्ड वेलनेस केन्द्र का उद्‌घाटन करेंगे। इसके साथ ही श्री पांडेय वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के एक हजार प्रतिक्षरण कॉर्नरों का शुभारंभ करेंगे। राज्य स्वास्थ्य समिति के अनुसार बच्चों का टीकाकरण अब सप्ताह में तीन दिन, सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को किया जायेगा। समिति के अनुसार इससे गांवों में रहने वाले बच्चों को लाभ होगा।

---

राज्य के सत्ताईस जिलों में अल्पावास गृह बनाये जायेंगे। महिला और बाल विकास निगम के निदेशक राजीव वर्मा ने बताया कि अल्पावास गृह खोलने के लिए जिलाधिकारियों को निर्देश भेजा गया है। वर्तमान में ग्यारह जिलों में ऐसे गृह चलाये जा रहे हैं। इन गृहों में घरेलू हिंसा, मानसिक प्रताड़ना से पीड़ित और न्यायालय के माध्यम से भेजी गयी महिलाओं और किशोरियों को रखा जायेगा।

---

दूरदर्शन आज अपनी पैंसठवीं वर्षगांठ मना रहा है। देश में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत पन्द्रह सितंबर उन्नीस सौ उनसठ को दूरदर्शन से हुई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने इसके पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था। दूरदर्शन आज भारत का सबसे बड़ा लोक प्रसारक है। छह राष्ट्रीय और बाईस क्षेत्रीय चैनलों से दूरदर्शन चौबीसो घंटे कार्यक्रमों का प्रसारण करता है। दूरदर्शन का एक अंतरराष्ट्रीय चैनल भी है। दूरदर्शन निःशुल्क डी.टी.एच. सेवा भी उपलब्ध कराता है।

---

राज्य के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं की मासिक परीक्षा तेईस से तीस सितम्बर तक ली जायेगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अनुसार परीक्षा से संबंधित कार्यक्रम सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को भेज दिये गये हैं। सत्रह से बीस सितम्बर के बीच प्रश्न पत्र जिला शिक्षा कार्यालयों को भेजे जायेंगे।

---

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म मामले में, आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और तला थाने के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी सबूतों के साथ छेडछाड़ करने और जांच को प्रभावित करने के आरोप में की गई है। इससे पहले, सीबीआई ने घोष को वित्तीय अनियमितता के मामले में हिरासत में लिया था।

---

मौसम विभाग ने आज अरवल, गया, नवादा, औरंगाबाद, जमुई और बांका में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य में अभी बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना समेत राज्य के चौदह जिलों के लिए भारी बारिश और अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

---

आज अभियंता दिवस है। यह दिन भारत रत्न से सम्मानित अभियंता एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियंता दिवस के अवसर पर सभी इंजीनियरों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के अभियंताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण और उन्नत तकनीक के विकास में अभियंताओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

---

प्रदेश में डेंगू का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ दो नये मामलों की पुष्टि हुई है। इस दौरान पटना में सबसे अधिक सैंतालीस नये मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब तक डेंगू के एक हजार छह सौ पैंतीस मामले सामने आ चुके हैं।

---

भारतीय विशिष्ठ पहचान प्राधिकरण ने बिना शुल्क आधार पहचान पत्र को अपडेट कराने की सुविधा चौदह दिसम्बर तक बढ़ा दी है। गौरतलब है कि यह तिथि चौदह सितम्बर को समाप्त हो गयी थी।

---

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और इमारते–ए–शरिया बिहार, झारखंड, ओडिशा ने संयुक्त रूप से आज पटना के बापू सभागार में वक्फ संरक्षण कांफ्रेंस का आयोजन किया है। इस सम्मेलन में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव फजलुर्रहीम मुजद्दीदी समेत कई राज्यों के वक्फ कोर्ड बोर्ड से जुड़े प्रतिनिधी शामिल होंगे।

---

रोहतास जिले के दिनारा में जमीन सर्वे को लेकर घूस मांगने के आरोप में प्रभारी प्रधान लिपिक नागेश्वर नाथ सिंह को निलंबित कर दिया गया है। एडीएम चंद्रशेखर प्रसाद ने बताया कि घूस मांगने का वीडियो वायरल होने के बाद राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने आरोपी के निलंबत करने की कार्रवाई की है। वहीं, पटना जिले के फतुहा अंचल के राजस्व कर्मचारी रितेश कुमार को जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने ड्यूटी से गायब रहने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

---

इधर, बक्सर जिले के उत्पाद अधीक्षक को शराब तस्करों से सांठगांठ रखने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

---

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र के पलासी गांव के पास पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त कार्रवाई में एक कार से तीन सौ बहत्तर किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जब्त गांजा का बाजार मूल्य करीब एक करोड़ छियासी लाख रूपये है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के कांटी और मीनापुर थाना क्षेत्र में पखनहा पेट्रोल पंप के पास ऑटो और ट्रक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। दुर्घटना में कई लोग घायल हो गये हैं जिनमें तीन की हालत गंभीर है।

---

पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र अन्तर्गत अमनाबाद पथलौटिया घाट पर बालू के अवैध खनन के आरोप में पुलिस ने उन्नीस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी पंकज मिश्रा ने बताया कि अभियान के दौरान छह बालू लदे ट्रक, पांच बालू निकालने वाली मशीन और कई नाव को जब्त किया है।

---

कैमूर जिले के सोनहन थाना परिसर में शराब पी रहे सब इंस्पेक्टर राजीव रंजन सिंह और दो चौकीदार सहित चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने जमीन के निबंधन मामले पर लिखा है– जमीन निबंधन के साथ ही होगी जमाबंदी। निबंधन और राजस्व विभाग की वेबसाईट को जोड़ने की प्रक्रिया शुरू।

प्रभात खबर का शीर्षक है– आईएस संजीव और गुलाब सहित पन्द्रह पर केस जल्द, सरकार ने दी हरी झंडी। आय से अधिक सम्पत्ति मामले में एसवीयू शिकंजा कसने की तैयारी में।

दैनिक जागरण ने गया–कोडरमा रेलखंड पर मालगाड़ी के दो हिस्सों में बंटने पर लिखा है– मालगाड़ी की कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बंटी ट्रेन।

दैनिक भास्कर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– तीन खानदानों ने जो किया पाप से कम नहीं।

आज अखबार की सुर्खी है– ओडिशा के जंगल से लौटे बिहार के तीन मजदूरों की मौत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जमशेदपुर से छह वंदे भारत रेलगाडियों को हरी झंडी दिखायेंगे। टाटा नगर–पटना सहित बिहार के लिए तीन नई वंदे भारत रेलगाड़ियों की सौगात।
02. श्री मोदी पीएम आवास योजना के तहत बिहार के एक लाख से अधिक लाभार्थियों को आज पहली किस्त की राशि जारी करेंगे।
03. मौसम विभाग ने अरवल, गया, नवादा, औरंगाबाद, जमुई और बांका में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।
04. और, महान इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती आज राष्ट्रीय अभियंता दिवस के रूप में मनाई जा रही है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।